एक नजर में

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत हितग्राहियों के निवास पर किया भूमिपूजन और गृह प्रवेश का कार्यक्रम

मंदसौर। शनिवार को खानपुरा बरबुण्डा मोहल्ला (वार्ड क्रमांक 31) में नपा परिषद मंदसौर के द्वारा संगीता पिता रामचन्द्र वर्मा के निवास स्थान पर आवास निर्माण कार्य का भूमिपूजन व बादामीबाई पति कालूराम वर्मा के निवास का गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिला महामंत्री विजय सुराणा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष श्री विनोद डगवार ने फिता काटकर व श्रीफल बदारकर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बनने वाले आवास का भूमिपूजन किया व हितग्राही को गृह प्रवेश कराया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद माया भावसार, नपा सभापति दीपमाला मकवाना, पार्षद भावना पमनानी, पार्षद प्रतिनिधि राकेश भावसार, बब्बू पमनानी, भाजपा नेता नरेन्द्र पंवार, हर्ष शर्मा, भरत वर्मा, अन्नुभाई गेडीवान, सुरेश गेडीवान, अशोक गेडीवान, विनोद वर्मा, मनोज काला आदि ने पधारे सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के 12 वर्ष पूरे होने एवं पूर्व नपाध्यक्ष श्री प्रहलाद बंधवार की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम खानपुरा क्षेत्र के निवासियों की उपस्थिति में नपा परिषद के द्वारा आयोजित किया गया। नपायक्ष गुर्जर ने इस अवसर पर कहा कि वर्ष 2025-26 में नगरपालिका ने 439 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया है। भाजपा जिला महामंत्री श्री विजय सुराना ने कहा कि हितग्राहियों को 2.50 लाख रू. की राशी अपने खाते में केन्द्र व प्रदेश सरकार से मिलेगी। भाजपा मण्डल अध्यक्ष विनोद डगवार ने कहा कि जिनके घर पर छत नहीं थी उन गरीब हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिल रहा है।

भाजपा अजजा मोर्चा की कार्ययोजना बैठक

मंदसौर। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा की परिचयात्मक एवं आगामी कार्ययोजना बैठक भाजपा जिला कार्यालय मंदसौर में आयोजित हुई। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री शिवराजसिंह राणा, मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश चौहान सहित वरिष्ठ नेताओं ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक की शुरुआत पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इस दौरान संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। जिला महामंत्री शिवराजसिंह राणा ने कहा कि संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की सफलता के लिए कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाएं तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। वहीं मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश चौहान ने कहा कि जनजातीय समाज तक केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना मोर्चा की प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन विस्तार और समाज के बीच सतत संपर्क बनाए रखने का आह्वान किया। बैठक में देवीलाल सिसौदिया, भेरूलाल दहाना एवं नानालाल गोदा ने भी संगठन को मजबूत बनाने और समाज के बीच सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर मोर्चा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

योगाभ्यास प्राचीन धरोहर का वैश्विक गौरव : दुबेला

मंदसौर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस केवल एक वार्षिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की हजारों वर्षों पुरानी ऋषि परंपरा, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक विरासत का वैश्विक उत्सव है। योग भारत की वह अमूल्य धरोहर है जिसने संपूर्ण विश्व को स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन जीने का मार्ग प्रदान किया है। आज विश्व के लगभग सभी देशों में योग को अपनाया जा रहा है, जो भारत की सांस्कृतिक शक्ति, सनातन जीवन दर्शन और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना का जीवंत उदाहरण है।

दुबेला ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की आत्मा है। हमारे ऋषि-मुनियों ने मानव जीवन को निरोगी, अनुशासित, संयमित एवं आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बनाने के

लिए योग की महान परंपरा का निर्माण किया। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के मध्य संतुलन स्थापित करने का एक संपूर्ण विज्ञान है। यह व्यक्ति को भीतर से सशक्त बनाकर सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और आत्मानुशासन की ओर प्रेरित करता है। वर्तमान समय में जब पूरा विश्व तनाव, अवसाद, असंतुलित जीवनशैली, मानसिक अशांति और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहा है, तब योग मानवता के लिए आशा, स्वास्थ्य और समाधान का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। योग न केवल रोगों से बचाव का मार्ग दिखाता है, बल्कि जीवन को अधिक सार्थक, ऊर्जावान और आनंदमय बनाने का संदेश भी देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं सशक्त नेतृत्व में योग को अभूतपूर्व वैश्विक पहचान प्राप्त हुई है। वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा गया, जिसे विश्व के रिकॉर्ड संख्या में देशों का समर्थन प्राप्त हुआ। इसके फलस्वरूप 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। यह भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और भारतीय ज्ञान-विज्ञान की वैश्विक स्वीकार्यता का ऐतिहासिक क्षण था। आज विश्व के प्रमुख देशों, महानगरों, विश्वविद्यालयों, सैन्य संस्थानों तथा सामाजिक संगठनों में लाखों-करोड़ों लोग योगाभ्यास कर रहे हैं।

गांधी सागर क्षेत्र में पिकअप पलटने से तेरह वर्षीय बालक की मौत

भानपुरा। भानपुरा तहसील के गांधीसागर थाना क्षेत्र में पिकअप के पलटने से दबने के कारण 13 वर्ष बालक की मौत हो गई, साथ ही 9 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सिविल अस्पताल भानपुरा लाया गया जहां घायलों का इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी अनुसार भानपुरा तहसील के गांव लेदीखुर्द निवासी करीबन 30 लोग चित्तौड़गढ़ कालका माता मंदिर दर्शन करने के लिए पिकअप से भानपुरा से चित्तौड़गढ़ जा रहे थे तभी गांधीसागर थाना क्षेत्र में मोड़ के पास अचानक साइड लेते समय पिकअप वाहन के पलटने से पिकअप में सवार 13 वर्षीय बालक विशाल पिता उम्मेद निवासी लेदीखुर्द पिकअप के नीचे दब गया जिसे सिविल अस्पताल भानपुरा लाने पर डॉक्टर गौरव द्वारा मृत घोषित कर दिया गया और अन्य जिसमें निशा पति विजय भांड उम्र 18 वर्ष, सुनीता पति मनोज उम्र 38 वर्ष, विकास पिता चैन राम 14 वर्ष, संजू पति उम्मेद उम्र 38 वर्ष, ममता पति अर्जुन उम्र 24 वर्ष, नंदाबाई पति अशोक उम्र 45 वर्ष, संतोष पति गजानन उम्र 45 वर्ष, विद्या भाई पति जैन राम उम्र 30 वर्ष, ज्योति पिता राजू उम्र 10 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सिविल अस्पताल भानपुरा लाया गया जहां उनका इलाज जारी है। पिकअप में करीब 30 लोग सवार थे। परिजन ने बताया कि साइड देने के चक्कर में यह हादसा हो गया।

किसानों को खाद संकट, बिजली समस्या के विरोध में जिला कांग्रेस का जनआंदोलन कल

मंदसौर। जिला कांग्रेस कमेटी, मंदसौर द्वारा किसानों की गंभीर खाद संकट, डीजल, पेट्रोल, स्मार्ट मीटर, बढ़े हुए बिजली बिल, मंडी टैक्स, नीट पेपर लीक घोटाले तथा पूर्व सांसद सुश्री मीनाक्षी नटराजन के राज्यसभा चुनाव नामांकन निरस्तीकरण के विरोध में सोमवार को एक विशाल जिला स्तरीय जनआंदोलन किया जा रहा है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि वर्तमान में किसान खाद एवं डीजल जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की कमी से जूझ रहे हैं। दूसरी ओर युवाओं के भविष्य के साथ नीट पेपर लीक जैसे मामलों के कारण खिलवाड़ हो रहा है। जनहित से जुड़े अनेक मुद्दों पर सरकार की उदासीनता के विरोध में कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से जनता की आवाज बुलंद करेगी।

उन्होंने जिले के समस्त कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, किसान भाइयों, युवा साथियों एवं आम नागरिकों से इस जनआंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है। कार्यक्रम के अनुसार 22 जून को सुबह 11.30 बजे गांधी चौराहा, मंदसौर से वाहन रैली प्रारंभ होकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचेगी।

सीतामऊ में धूमधाम से मनी महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती

सीतामऊ। राजपूत समाज संगठन तहसील शाखा सीतामऊ के तत्वावधान में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती शुक्रवार को हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में समाजजन एवं नगरवासी शामिल हुए। प्रातः 10 बजे श्री रघुवीर राजपूत बोर्डिंग हाउस से भव्य चल समारोह निकाला गया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवक-युवतियों, महिलाओं एवं बच्चों ने महाराणा प्रताप के जयकारों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण किया। घोड़े, बैंड-बाजे एवं आकर्षक झांकियों के साथ निकले चल समारोह में

जनसैलाब उमड़ पड़ा। चल समारोह के पश्चात मुख्य समारोह श्री रघुवीर राजपूत बोर्डिंग हाउस में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुधीर गुप्ता उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में हरदीप सिंह डंग, यशपाल सिंह सिसोदिया सहित विभिन्न सामाजिक एवं राजपूत समाज संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। अपने संबोधन में सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय प्रतीक है। विधायक हरदीप सिंह डंग ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के महान योद्धा थे, जिनके शौर्य और संघर्ष से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि महाराणा प्रताप ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा और कभी भी स्वाभिमान से समझौता नहीं किया।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राजपूत समाज संगठन के अध्यक्ष हिम्मतसिंह राठौड़ ने आयोजन की जानकारी देते हुए सभी समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

दशपुर योग शिक्षा संस्थान के साधकों ने बनाई मानव श्रृंखला, नूतन स्टेडियम पहुंचने का संदेश

मंदसौर। मंदसौर नगर में योग की अलख जगाने वाली अग्रणी संस्था दशपुर योग शिक्षा संस्थान के पांच केंद्रों के साधकों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के एक दिन पूर्व नूतन स्टेडियम स्थित योग भवन में वृहद स्तर पर योगाभ्यास किया गया। इस विशेष सत्र में सभी साधकों ने योग गुरु सुरेंद्र जैन के कुशल मार्गदर्शन में भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हेतु निर्धारित सामान्य योग अभ्यासक्रम (प्रोटोकॉल) का अभ्यास किया और इससे होने वाले शारीरिक व मानसिक लाभों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। योगाभ्यास के पश्चात् सभी साधकों ने स्टेडियम परिसर में एकत्र होकर एक विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण किया। इस मानव श्रृंखला के माध्यम से साधकों ने नगरवासियों को जागरूक करते हुए आह्वान किया कि वे 21 जून की प्रातः 5.30 बजे नूतन स्टेडियम में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम

में अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता करें। इस अवसर पर योग गुरु सुरेंद्र जैन ने साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि योग आज वैश्विक स्तर पर दिन-प्रतिदिन और अधिक विकसित व समृद्ध होता जा रहा है। वर्तमान समय की भागदौ? भरी जिंदगी में स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रतिदिन यौगिक अभ्यास करना अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा कि नियमित योग साधना के माध्यम से शहर के कई नागरिकों ने अपने असाध्य रोगों से मुक्ति पाई है।

सत्र के दौरान साधकों द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन, कटि चालन, घुटना संचालन, ता?ासन, पाद हस्तासन, अर्द्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, शशकासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, अर्द्धहलासन, पवन मुक्तासन, शवासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम तथा ध्यान का क्रमबद्ध अभ्यास किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम और मानव श्रृंखला निर्माण पर नगर के प्रबुद्ध नागरिक और साधक उपस्थित रहे।

नीमच

एक नजर में

माहेश्वरी युवा संगठन नीमच की विभिन्न प्रतियोगिताएं आज

नीमच। माहेश्वरी समाज के 5159वें वंशोत्पत्ति दिवस महेश नवमी (23 जून) के उपलक्ष्य में माहेश्वरी समाज नीमच के तत्वावधान में माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा समाजजनों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन आज, 21 जून रविवार को माहेश्वरी भवन में किया जाएगा। माहेश्वरी युवा संगठन के मनोज माहेश्वरी, अध्यक्ष पीयूष काबरा, सचिव शुभम माहेश्वरी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः 7:30 बजे से विभिन्न आयु वर्गों के बच्चों एवं समाजजनों के लिए खेल एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। खेल प्रतियोगिताओं में अंटी रेस, 50 मीटर रेस, बैलेंसिंग रेस, बॉक्स रेस, पेपर प्लेट रेस, 200 मीटर रेस, स्लो साइकिल रेस, स्लो इलेक्ट्रिक स्कूटर रेस, बोरी रेस, 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए 'साथी हाथ बढ़ाना' (कपल रेस) तथा चेयर रेस शामिल हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न आयु वर्गों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, शतरंज, कैरम एवं पंजा लड़ाना (आर्म रेसलिंग) प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

मनासा में प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला

मनासा। विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु, कृषि आधारित एक विशेष अभियान के तहत मनासा में प्राकृतिक खेती पर एक वृहद कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन 20 जून 2026 को कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखंड मनासा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यशाला में मनासा विधानसभा के माननीय विधायक श्री अनिरुध्द माधव मारू जी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती के इच्छुक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले किसान प्रमुख रूप से शामिल रहे। कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों एवं अन्य अनुभवी व्यक्तियों द्वारा किसानों को रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित किसानों को पूर्णतः प्राकृतिक एवं पर्यावरण के अनुकूल खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों द्वारा कार्यक्रम में एक विशेष 'जैविक प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्राकृतिक खेती कर रहे सफल किसानों ने अपने अनुभव अन्य प्रतिभागियों के साथ साझा किए। उत्कृष्ट किसानों का हुआ सम्मान कार्यक्रम के दौरान प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच कृषकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले कृषकों के नाम निम्नलिखित हैं: श्री कमलाशंकर विश्वकर्मा (ग्राम- भाटखेड़ी बु.) श्री श्याम कारपेंटर (ग्राम- भाटखेडी बु.) श्री हरिशंकर राठौर (ग्राम- नलखेड़ा) श्री घनश्याम धनगर (ग्राम- हासपुर) श्री कन्हैयालाल धाकड़ (ग्राम- कंजार्डा) इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को भारी प्रोत्साहन देना और कृषि में रसायनों के उपयोग को कम कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का सफल आयोजन दिनेश मंडलोई, उपसंचालक कृषि जिला नीमच एवं राहुल धाकड़, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखण्ड मनासा के मार्गदर्शन में किया गया।

मध्यप्रदेश पुलिस में उत्कृष्ट खिलाड़ियों की होगी सीधी भर्ती, हर वर्ष 60 पदों पर करेंगे नियुक्ति

▶ विधायक परिहार की पहल लाई रंग, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वालों को भी मौका

नीमच। मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को बड़ी सौगात देते हुए पुलिस विभाग में खेल कोटे से सीधी भर्ती प्रक्रिया फिर से शुरू कर दी है। अब राज्य में हर साल 60 पदों पर खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति की जाएगी। इस निर्णय से उन खिलाड़ियों को सीधा फायदा मिलेगा जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

प्रतिवर्ष खेल कोटे से 60 पदों पर भर्ती होगी, जिनमें 10 पद उप निरीक्षक और 50 पद आरक्षक के लिए आरक्षित होंगे। पहले मुख्य रूप से केवल पदक विजेताओं को प्राथमिकता मिलती थी,

लेकिन नए नियमों के तहत अब ओलंपिक, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल और विश्व कप/चौंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ी भी सीधी भर्ती के लिए पात्र माने जाएंगे। संशोधित नियमों के अनुसार, उत्कृष्ट खिलाड़ियों को निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, ऊंचाई संबंधी शारीरिक मापदंड, लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा से पूरी तरह छूट प्रदान की जाएगी। यह प्रक्रिया पुलिस मुख्यालय की चयन एवं भर्ती शाखा द्वारा अब हर साल नियमित रूप से आयोजित की जाएगी।

विधायक परिहार ने विधानसभा में उठाया था मुद्दा: खिलाड़ियों के हित में यह बड़ा फैसला नीमच के विधायक दिलीपसिंह परिहार के प्रयासों का भी परिणाम है। विधायक परिहार ने विधानसभा के विगत शीतकालीन सत्र में खिलाड़ियों के करियर और रोजगार से जुड़े प्रश्न प्रमुखता से उठाए थे। जिस पर प्रदेश सरकार ने सकारात्मक संज्ञान लेते हुए नई व्यवस्था के तहत यह निर्णय लिया है। सरकार के इस कदम को लेकर नीमच के विभिन्न खेल संगठनों में हर्ष का माहौल है। खेल संगठनों ने इसे खिलाड़ियों के हित में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी निर्णय बताया है।

भाजपा के सभी मंडलों में योग कार्यक्रम का आयोजन

नीमच। भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच द्वारा इस वर्ष 21 जून को 12वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले में भव्य और व्यापक योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी एवं सह प्रभारी शुभम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न मंडलो, शक्ति केंद्र एवं प्रत्येक बूथ पर सामूहिक योग शिविरों का आयोजन किया जाएगा। योग कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता व आम नागरिक भाग लेंगे।

स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर आज मनाया जाएगा 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

नीमच। जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग, नीमच के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून 2026, रविवार को 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 'स्वस्थ आयु के लिये योग' थीम पर मनाया जाएगा। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम लायन डेन, नीमच में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर के आतिथ्य में आयोजित होगा। कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएं: राष्ट्रीय प्रसारण: प्रातः 6:30 बजे से कोलकाता से राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। प्रातः 6:45 बजे माननीय प्रधानमंत्री जी का उद्बोधन होगा। सामान्य योग प्रोटोकॉल: प्रातः 7:00 से 7:45 बजे तक विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सामान्य योग प्रोटोकॉल का योगाभ्यास कराया जाएगा। व्यापक सहभागिता: कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, योग संस्थाएं, एनसीसी, एनएसएस, पुलिस बल एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम विवरण: दिनांक: 21 जून 2026, रविवार समय: प्रातः 6:00 बजे से स्थान: लायन डेन, नीमच, सभी प्रतिभागियों की उपस्थिति प्रातः 06:00 से पूर्व, अतिथिगण का आगमन प्रातः 06:00 बजे से, अतिथिगणों का उदबोधन प्रातः 06:00-06:30, कोलकाता से राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रातः 06:30 बजे से, माननीय प्रधानमंत्री जी का उदबोधन प्रातः 06:45 बजे से, सामान्य योग प्रोटोकॉल का योगाभ्यास प्रातः 07:00-07:45 बजे तक। जिले के समस्त नागरिकों, योग प्रेमियों, सामाजिक संगठनों एवं संस्थाओं से अपील की गई है, कि थीम पर कार्यक्रम में 6 बजे से पूर्व, लायन डेन पहुंचकर योग को दिनचर्या बनाएं।

भारत विकास परिषद शाखा नीमच के सात दिवसीय योग शिविर का आज समापन

नीमच। सेवा एवं संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी भारत विकास परिषद मुख्य शाखा नीमच द्वारा आयोजित सात दिवसीय योग शिविर का समापन आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर किया जाएगा। यह योग शिविर 15 जून से 21 जून तक आईएफके एकेडमी, टीआईटी कॉलोनी के पास, बीएसएनएल रोड, नीमच में प्रतिदिन प्रातः 6:30 बजे से 8:00 बजे तक आयोजित किया गया। योग शिक्षिका रिमझिम मंगल के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में परिषद के सदस्यों के साथ-साथ शहर के अनेक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सात दिनों तक प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज समापन सत्र का आयोजन प्रातः 7:30 बजे से 9:00 बजे तक किया जाएगा। शिविर के दौरान प्रतिदिन योगाभ्यास के उपरांत प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के पौष्टिक जूस एवं अंकुरित आहार का वितरण भी किया गया। भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

एक नजर ▶ नीमच के दो केंद्रों पर 926 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

आज होने वाली नीट पुन : परीक्षा की तैयारियां पूर्ण

नीमच। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट -यूजी) 2026 का आयोजन रविवार, 21 जून 2026 को दोपहर 02:00 बजे से सायं 05:15 बजे तक जिले के दो परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित समयानुसार किया जाएगा। परीक्षा केन्द्र श्री सीताराम जाजू कन्या महाविद्यालय, नीमच में 456 परीक्षार्थी शामिल होंगे। स्वामी विवेकानंद पी.जी.कॉलेज नीमच,में 470 परीक्षार्थी इस तरह कुल 926 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में नीट परीक्षा की सभी आवश्यक प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है।

कलेक्टर हिमांशु चंद्रा एवं एसपी राजेश व्यास ने शनिवार को दोनो परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और परीक्षा केंद्रों, परीक्षा कक्षो का अवलोकन कर सुचारू एवं सुव्यवस्थित परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने परीक्षा केंद्र प्रभारियों को परिक्षार्थियों के साथ केंद्र पर आने वाले अभिभावकों के लिए अलग से बैठक की व्यवस्था, उनके स्वल्पाहार भोजन आदि की व्यवस्था करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में निर्देश दिए गये है, कि परीक्षा केंद्रों पर, म.प्र. वि.वि. कं.लि. नीमच द्वारा निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। जनरेटर की वैकल्पिक व्यवस्था कर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा 21 जून को दोनों केंद्रों पर मय चिकित्सा स्टॉफ एम्बुलेंस की व्यवस्था रहेगी। मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु फायर ब्रिगेड एवं पीने के पानी की व्यवस्था की जाएगी।